बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 5, अंक 179, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी 14
आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल 13

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को मारी गई गोली

ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया), एजेंसी



- हालत बेहद नाजुक, बैंस्का बायस्ट्रिका के अस्पताल में भर्ती किए गए
- राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने की कड़ी निंदा, संसद स्थगित

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोलियां मारी मारी गई हैं। उनकी फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार फिको का जीवन खतरे में है। उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका के एक अस्पताल ले जाया गया है जहां उनकी सर्जरी की जा रही है। यह जानकारी श्रम मंत्री एरिक टॉमस ने दी।

फिको के लिए अगले कुछ घंटे बहुत महत्वपूर्ण है। स्लोवाकिया के समाचार टेलीविजन स्टेशन 'टीए3' के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को पेट में भी गोली लगी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। संसद के उपाध्यक्ष लुबोस ब्लाहा ने स्लोवाकिया की संसद में घटना की पुष्टि की और संसद स्थगित कर दिया। राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने प्रधानमंत्री पर हमले की निंदा की।

## प्रख्यात लेखिका पद्मश्री मालती जोशी का निधन



नई दिल्ली। पद्मश्री से सम्मानित और हिन्दी तथा मराठी की प्रख्यात लेखिका मालती जोशी (90) का बुधवार 15 मई को दिल्ली में निधन हो गया। उनका जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 04 जून 1934 को हुआ था। वे आइसोफ़ेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। 50 से अधिक हिन्दी-मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी को शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार माना जाता हैं।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निशाने पर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## मोदी जितना कांग्रेस को गाली देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में बोलते खरगे।

**अमृत विचार :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां ताज होटल में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को बहुत कुछ दिया है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर समेत सभी ने बहुत कुछ देश को दिया लेकिन, आप भाषण में मटन, चिकन, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे ला रहे हैं। अगर वोट लेना है तो अपने काम पर लो न, क्यूं बिन मुद्दे की बात कर रहे हो? खरगे ने कहा, पीएम मोदी ने उतना राम का नाम नहीं लिया होगा, जितना उन्होंने राहुल-सोनिया, कांग्रेस को गालियां दीं हैं।


खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे हैं, पर उनका धन्यवाद कि वो 600 पार नहीं बोल रहे हैं। मैं शर्त लगाता हूं कि वो 200 पार नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि अभी तक चार चरण के चुनाव हो चुके हैं इसमें इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। कहा कि, इंडिया गठबंधन 4 जून को सरकार बनाने जा रहा है।


### हम उप्र. में 79 सीटें जीत रहे : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए जो जनसमर्थन दिखाई दे रहा है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 140 करोड़ के देश की जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा के रथ का चक्का न सिर्फ फंस गया है बल्कि धंस गया है इसलिए उनकी भाषा बदली है। अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उप्र. में 79 सीटें जीत रहा है।

### योगी बोले, सच बोलने की आदत डालें खरगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उप्र. में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। योगी बुधवार को कई जिलों में आयोजित चुनावी जनसभाओं के लिए बुधवार सुबह निकलने से पहले सरकारी आवास पर एक न्यूज एजेंसी से बात कर रहे थे।







# अल्पसंख्यकों के लिए 15 फीसदी बजट चाहती है कांग्रेस: प्रधानमंत्री

### कहा-धर्म के आधार पर आवंटन मंजूर नहीं, भाजपा और शिवसेना प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

नासिक, एजेंसी



मुंबई में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह केंद्र सरकार के बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों को आवंटित करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने धर्म के आधार पर बजट को बांटने और नौकरियों या शिक्षा में आरक्षण की अनुमति नहीं देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर खर्च करने की योजना बनाई थी जो कि उसका 'पसंदीदा वोट बैंक' है, लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण उसने प्रस्ताव छोड़ दिया। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत में महायुति उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री भारती पवार (भाजपा) और हेमंत गोडसे (शिवसेना) के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट को धार्मिक आधार पर बांटना एक खतरनाक विचार है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देते हैं। लेकिन कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट का बंटवारा और वितरण चाहती है। उन्होंने धर्म के आधार पर देश को बांटा और आज भी वह यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर नौकरियों और शिक्षा में धर्म आधारित आरक्षण के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि जब मैं (गुजरात का) मुख्यमंत्री था तो कांग्रेस (तत्कालीन संप्रग सरकार) ने अल्पसंख्यकों के लिए बजट का 15 प्रतिशत आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। भाजपा ने इस कदम का कड़ा विरोध किया और इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। लेकिन कांग्रेस इस खतरनाक प्रस्ताव को फिर से लाना चाहती है। मोदी ने प्रत्याशियों के समर्थन में मुंबई में रोड शो भी किया।

### नकली शिवसेना, नकली राकांपा का कांग्रेस में विलय होना निश्चित

उद्धव ठाकरे नेतृत्व वाली पार्टी पर हमला बोलते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' ने कांग्रेस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन के एक नेता को पता है कि कांग्रेस बुरी तरह हार रही है। उन्होंने कहा कि 'नकली' शिवसेना और 'नकली' राकांपा (शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी का जिक्र करते हुए) का कांग्रेस में विलय निश्चित है।

## उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- दहेज के एक मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भले ही पक्षकार उपहारों की सूची का रखरखाव न कर रहे हों, लेकिन न्यायालय को आज तक यह भी नहीं बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(2) को कैसे लागू किया जा रहा है। कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया गया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को ''दहेज'' की परिभाषा से मुक्त रखा है, लेकिन दूल्हा और दुल्हन के लिए नियमों के अनुसार उपहारों की सूची बनाना आवश्यक बताया है, क्योंकि यह सूची भविष्य में दहेज के आरोपों को खत्म करने के लिए एक उपाय के रूप में काम करेगी।

हालांकि न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि कोर्ट के समक्ष किसी भी मामले में किसी पक्ष ने दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए उपरोक्त अधिनियम और नियम 1985 के तहत कोई सूची दाखिल नहीं की। विवाह के बाद दहेज को लेकर होने वाली बेवजह की मुकदमेबाजी को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने कहा कि धारा 8 (बी) के तहत अधिनियम के क्रियान्वयन के उद्देश्य से दहेज प्रतिषेध अधिकारियों की नियुक्ति भी आवश्यक है। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से इस संदर्भ में जानकारी मांगी कि राज्य में कितने दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और अगर उन्हें नियुक्त नहीं किया गया है तो दहेज के दिन-प्रतिदिन बढ़ते मामलों को देखते हुए अब तक किसी ऐसे अधिकारी की नियुक्ति क्यों नहीं हुई है।

## एक नजर

### रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक

नई दिल्ली। रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आप नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी।

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी



- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।

## यूपी संशोधन अधिनियम में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट किया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता का संशोधित अधिनियम 2018 आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत दर्ज मामले के आरोपी को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने पर रोक नहीं लगाता है बल्कि इस अधिनियम ने सीआरपीसी की धारा 438 के तहत मिलने वाली अग्रिम जमानत के प्रावधान को पुनर्जीवित किया है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने साढ़े 17 वर्षीय कृष्णा को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए की।

लड़के पर 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जांच अधिकारी ने घटना को झूठा पाया है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत अपराध में गिरफ्तार आरोपी को सीआरपीसी की धारा 438 की उपधारा (4) गिरफ्तारी-पूर्व जमानत देने से रोकती है।

## तिहाड़ से रिहा किए गए न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

नई दिल्ली। समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उन्हें रिहा करने का आदेश दिया जिसके कुछ घंटों बाद उन्हें तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। पुरकायस्थ साल दो नवंबर से जेल में बंद थे। पुरकायस्थ को पिछले साल तीन अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था।

## जंगल की आग काबू करने में उत्तराखंड का रवैया उदासीन

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, मुख्य सचिव को किया तलब

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि यह कहते हुए कष्ट हो रहा है कि जंगल की आग को नियंत्रित करने में राज्य का रवैया उदासीन रहा है। न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति एसवीएन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कई कार्य योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता। शीर्ष अदालत ने राज्य के वन विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियों के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गैर मुस्लिम प्रवासियों को सौंपे गए प्रमाणपत्र
- केंद्रीय गृहमंत्री ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे। आम चुनावों के बीच यह कदम उठाया गया है। सीएए को 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में लाया गया था।

## झारखंड के मंत्री आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार



रांची। झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

ईडी ने मंत्री के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

सेवा में झोल | टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल, पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

## कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु–पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

**अमृत विचार :** प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।

### एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। – **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। – **डॉ. पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

### लापरवाही के उदाहरण

**केस 1 :** 8 मई को अमरोहा सदर में रामलीला मैदान के पास एक गाय के पेट में बच्चा मरने पर वहां के मनोज द्वारा की गई 1962 पर कॉल नहीं लगी। डीएम और अपर निदेशक पशुपालन के हस्तक्षेप पर सरकारी डॉक्टरों की टीम भेजी गई।

**केस 2 :** 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

## सीएमओ ने दो पीएचसी का निरीक्षण कर जांचे अभिलेख



पीएचसी निरीक्षण के दौरान अभिलेख का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. आरके गौतम।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरायकाइयां तथा हुसैनपुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित स्टाफ को दिशा निर्देश दिए।

- आयुष्मान कार्ड और ओपीडी बढ़ाने के निर्देश

सीएमओ ने हुसैनपुरा स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के समय देखा कि 51 मरीज ओपीडी में देखे जा चुके थे। 22 लाभार्थियों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी स्टाफ नर्स द्वारा दी गई, जिसमें एक अंतरा इंजेक्शन लगाया गया था। तीन लाभार्थियों को निरोध, एक को छाया एवं एक लाभार्थी को माला एन वितरित किया गया। एआरओ उपलब्ध मिला। फार्मासिस्ट समसुद्दीन, स्टाफ नर्स रंजन लता, लोकेश्वरी देवी, वार्ड आया मुमताज उपस्थित मिली।

इधर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में ओपीडी में 34 मरीज देखे जा चुके थे।

20 लोगों की जांचे एलटी द्वारा की गई थी। स्टाफ को आयुष्मान कार्ड बनाने, ओपीडी बढ़ाने तथा गर्भवती महिलाओं को एएनसी की जांच कराने के निर्देश दिए है। फार्मासिस्ट अनूप कुमार, स्टाफ नर्स कंचन, जईम खां, पंकज अग्निहोत्री आदि मौजूद मिले।

# नौ राजपत्रित अधिकारी व तीन डिप्टी कलेक्टर संभालेंगे सुरक्षा की जिम्मेदारी

## ईवीएम की राउंड द क्लॉक सुरक्षा के लिए नियुक्त किए गए अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन और ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 13 मई को मतगणना होगी। वर्तमान में 2481 मतदेय स्थलों की सील्ड ईवीएम सेंट्रल वेयर हाउसिंग कारपोरेशन मंडी रोजा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। सील्ड ईवीएम मतगणना के दिन यानी 4 जून की सुबह तक यहीं रखी रहेगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं, वहां पर एसएसबी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है।

- रोजा के सेंट्रल वेयर हाउस में बनाया गया है ईवीएम स्ट्रांग रूम

ईवीएम की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। कई विपक्षी दल ईवीएम टेंपरिंग का आरोप लगा चुके हैं। इसी को देखते हुए सपा ने रोजा मंडी में डेरा डाल दिया है ताकि गड़बड़ी की आशंका न रहे। प्रशासन की ओर से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आयोग के निर्देश पर स्ट्रांग रूम की राउंड द क्लाक सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था एसपी ने संभाल रखी है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक रिटनिंग ऑफिसर्स प्रत्येक दिन स्ट्रांग रूम का कम से कम 2 बार निरीक्षण कर ओके रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

### स्ट्रांग रूम गेट के बाहर सपा कार्यकर्ताओं ने डाला डेरा

**रोजा।** 13 मई को मतदान खत्म हो जाने के बाद रोजा मंडी के वेयर हाउस के स्ट्रांग रूम में रखीं ईवीएम में किसी तरह की मनमानी न होने पाए, इसके लिए सपा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। स्ट्रांग रूम के बाहर दोनों स्थानों पर डेरा डाल दिया है। वेयर हाउस के अगले व पिछले गेट के बाहर सपा कार्यकर्ताओं ने अपना तंबू लगा दिया है। पंडाल में रात दिन गठबंधन प्रत्याशी के समर्थक रहेंगे। इसके लिए जरूरी प्रबंध भी कर लिए गए हैं। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने बुधवार को पंडाल में पहुंच कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और मतगणना समाप्ति तक सतर्कता के साथ डटे रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ न होने पाए, इसके लिए सतर्क रहना होगा। यदि कोई मनमानी होगी तो सपा कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। कार्यकर्ताओं की टीम लगातार यहां शिफ्टवार पहरा दे रही है।



सत्ता के दबाव में कोई गड़बड़ी न होने पाए, इसलिए हम सजग हैं। उधर, प्रशासन का दावा है कि स्ट्रांग रूम के अंदर व बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। किसी तरह की कोई गड़बड़ी का सवाल ही नहीं उठता। सभी को अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है।

### यह अधिकारी किए गए नामित...

जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय यादव, जिला खान अधिकारी अभिषेक पटेल, प्रधानाचार्य आईटीआई कॉलेज नागेंद्र सिंह, पर्यवेक्षणीय अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अभिषेक प्रताप, जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र, खादी ग्रामोद्योग प्रबंधक शिशुपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, पर्यवेक्षणीय अधिकारी डिप्टी कलेक्टर जीत सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी चंद्रिका प्रसाद, दुग्धशाला प्रबंध निदेशक श्यामसुन्दर, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उदय प्रताप सिंह, पर्यवेक्षण अधिकारी डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश यादव को ईवीएम की सुरक्षा के लिए नामित किया गया है।

### यह अधिकारी रहेंगे रिजर्व

ईवीएम की सुरक्षा में अधिकारियों की तैनाती के साथ साथ कुछ अधिकारियों को रिजर्व भी रखा गया है। रिजर्व वाले अधिकारियों का उपयोग किसी एक अधिकारी के ड्यूटी से इमरजेंसी में हटने के दौरान किया जाएगा। उपायुक्त मनरेगा बालगोविंद शुक्ला, अपर जिला सहकारी अधिकारी मुख्यालय प्रहलाद कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा, अधिशासी अभियंता नलकूप विपिन कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी संतोष कुमार को रिजर्व में रखा गया है।

### एसपी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद ईवीएम को रोजा मंडी स्ट्रांग रूम में रखा गया। ईवीएम की निगरानी के लिए अर्द्धसैनिक बल की ड्यूटी लगायी गयी है। एसपी अशोक कुमार मीणा बुधवार को रोजा मंडी गए। उन्होंने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। एसपी ने सुरजा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित को दिशा निर्देश दिए।



## रुपये के लेनदेन में पड़ोसी ने दुकानदार का फोड़ा सिर

**खुटार।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अरुण गुप्ता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि नगर के बंडा चौराहा पर उसकी दुकान है। उसके पड़ोसी दुकानदार से रुपये के लेनदेन को लेकर बहस हो गई। मंगलवार शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी पड़ोसी दुकानदार अपने पिता के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका सिर फट गया और शरीर पर भी चोटें आईं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

## डंडा मारकर युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव अंटा निवासी राजीव कुमार ने बताया कि वह 13 मई की शाम पांच बजे घर के बाहर नाली की सफाई कर रहा था। गांव के रामऔतार आदि उसके दरवाजे पर आए और कहा कि पूरी नाली साफ करो। राजीव के मना करने पर आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राजीव को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी रामऔतार, सकटे, ओमवीर, परजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## शालू, मुस्कान ने बनाए आकर्षक पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के डीएलएड विभाग में राष्ट्रीय परिवार दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर हुई गोष्ठी में डीएलएड प्रभारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि परिवार मानवीय समाज की एक सर्वाधिक प्राचीन एवं महत्वपूर्ण इकाई है। परिवार व्यक्ति के जीवन से घनिष्ठ रूप से संबंधित है क्योंकि एक व्यक्ति का संपूर्ण जीवन सामान्यतः परिवार में ही व्यतीत होता है। परिवार के प्रभाव से बालक के मूल्यों और आदर्शों का विकास होता है। डॉ. गौरव शर्मा ने कहा कि परिवार मानव समूह की प्राचीनतम तथा आधारभूत इकाई है। प्रत्येक समाज की संरचना में परिवार, बालक के पोषण और उसके विशिष्ट प्रकार की संस्कृति के अनुरूप बनाने का कार्य करता है।



एसएस कॉलेज के परिवार दिवस पर बनाए पोस्टर दिखाते डीएलएड प्रशिक्षु।

- एसएस कॉलेज के डीएलएड विभाग में मनाया गया राष्ट्रीय परिवार दिवस

प्रथम सेमेस्टर की पोस्टर प्रतियोगिता में शालू देवी ने प्रथम, सुषमा यादव ने द्वितीय, सचिन सक्सेना तृतीय स्थान पाया। तृतीय सेमेस्टर की प्रतियोगिता में मुस्कान कुशवाहा, प्रियंका कश्यप तथा शोभा देवी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। निर्णायक मंडल में अमिता रस्तोगी, शिवानी भारद्वाज एवं रचना रस्तोगी शामिल रहीं। अमिताभ रस्तोगी ने आभार व्यक्त किया। केके मिश्र, शैलेंद्र द्विवेदी, सर्वोत्तम शर्मा, प्रतिभा द्विवेदी, जय सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन अभिषेक बाजपेई ने किया।

## मृदा प्रयोगशालाओं के लिए मांगे आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत पांच गांवों में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की जाएंगी। ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को स्थापित करने के लिए परियोजना की कुल लागत दो लाख रुपये है।

उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि परियोजना की कुल लागत का 75 प्रतिशत यानि 1.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता एक बार अनुदान के रूप में तथा अवशेष 25 प्रतिशत धनराशि उद्यमी द्वारा स्वयं निवेश की जाएगी। लाभार्थी के चयन में परास्नातक (कृषि रसायन/मृदा विज्ञान धारक एग्रीजंक्शन/एफपीओ को वरीयता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में उप कृषि निदेशक कार्यालय, लोधीपुर में संपर्क किया जा सकता है और वहीं से आवेदन पत्र प्राप्त कर 27 मई तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## बुनियादी भाषा एवं दक्षता प्रशिक्षण भत्ता देने की मांग



शिक्षकों के साथ प्रभारी बीएसए को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बुनियादी भाषा एवं दक्षता प्रशिक्षण का भत्ता नहीं दिए जाने पर रोष जताते हुए बुधवार को प्रभारी बीएसए को ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी बीएसए सुरेंद्र मौर्य से मिले शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से कई बार निर्देशित होने के बाद भी शिक्षक एवं शिक्षामित्र के 69.41 लाख रुपये से अधिक प्रशिक्षण मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि शिक्षक ने अपना स्वयं का धन किराया तथा खान-पान पर खर्च कर प्रशिक्षण लिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल सिंह ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि तीन दिन में भुगतान के संबंध में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ आंदोलनात्मक कदम उठाने का विवश होगा। साथ ही भविष्य में किसी प्रकार के प्रशिक्षण में शिक्षक प्रतिभाग नहीं करेगा। शिक्षक नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन अतिशीघ्र कराने की भी मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप सिंह, नितिन मिश्रा आदि शामिल रहे।

- प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी बीएसए को दिया ज्ञापन

THE SACRED HEART ACADEMY

# दि सेक्रेड हार्ट एकेडमी में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं

## 12वीं में आराध्या और 10वीं में तनिष्क रहे टॉपर

पुवायां कि दि सेक्रेड हार्ट एकेडमी में मंगलवार को सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से पास करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को प्रबंधक संजीव मेहरोत्रा ने मिष्ठान खिलाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में 12वीं में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा आराध्या मिश्रा, दूसरे स्थान पर रही शैलजा दीक्षित, तीसरे स्थान पर रही कोमल पांडे, चौथे स्थान पर रहे मृत्युंजय मिश्रा, पांचवे स्थान पर रहे शिवा मिश्रा, छठवें स्थान पर रहीं अंशिका सिंह, सातवें स्थन पर रही आरोही मिश्रा, आठवें स्थान पर रही आस्था गौतम, नौवें स्थान पर रहे दिव्यांशु देव दीक्षित और दसवें स्थान पर रही वंशिका शुक्ला को सम्मानित किया गया। 10वीं में स्कूल में पहले स्थान पर रहे तनिष्क गुप्ता, दूसरे स्थान पर रहे कृष्णा गुप्ता, तीसरे स्थान पर रहे अथर्व गुप्ता, चौथे स्थान पर रहे यश शुक्ला, पांचवे स्थान पर रहे आकांश मिश्रा, छठवें स्थान पर रहे आयुष मिश्रा, सातवें स्थान पर रही प्रियल पांडे, आठवें स्थान पर रही खुशी वर्मा, नौवे स्थान पर रही परवीन कौर, दसवें स्थान पर रहे नमन शुक्ला को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संध्या अवस्थी, उप प्रधानाचार्य अच्युत विक्रम सिंह, प्रशासनिक अधिकारी सम्राट रावत ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उनसे आगे की कक्षाओं में और मेहनत करने की प्रेरणा दी। कहा कि, बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें। सम्मान समारोह के दौरान शिक्षक अवनीश कुमार, जितेंद्र कश्यप, अभिषेक श्रीवास्तव, सुशील अवस्थी, नीतीश अवस्थी, अभिषेक शर्मा, हरिश्याम, मंजू शुक्ला, मोनेंद्र कुमार, पवन शर्मा, नितिन गुप्ता और अभिभावक अवधेश मिश्रा, पूनम मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, राकेश कुमार, संजय मिश्रा, देवेंद्र शुक्ला, सुधीर पांडे, अतुल पांडे, प्रवीन कौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 12वीं के मेधावी छात्र-छात्रायें


आराध्या मिश्रा


शैलजा दीक्षित


कोमल पांडे


मृत्युंजय मिश्रा


शिवा यादव




### 10वीं के मेधावी छात्र-छात्रायें


तनिष्क गुप्ता


कृष्णा गुप्ता


अथर्व मिश्रा


यश शुक्ला


अक्षांश मिश्रा

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उद्देश्य



द सेक्रेड हार्ट एकेडमी की स्थापना का एकमात्र उद्देश्य है कि पुवायां तहसील ही नहीं वरन शाहजहांपुर जनपद के हर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं सृजनशील शिक्षा का दान मिले। किसी भी माता पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा भविष्य में आने वाली चुनौतियों का पूरे दम खम के साथ मुकाबला करे। शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो मनुष्य को उन्नति के सोपानों का आरोहण करने में समर्थ बनाती है। हर माता पिता का सपना होता है कि उसका पाल्य अपने पालक की उपलब्धियों से कुछ अधिक करे, कुछ अलग करे। कोई भी परीक्षा सिर्फ बालक की ही नहीं होती, वरन उसके गुरुजनों एवं माता पिता के मार्ग दर्शन, प्रशिक्षण एवं समर्पण की भी होती है। परिणाम यदि सुखद हो तो सभी प्रतिभागियों का प्रयास सफल हो जाता है। सभी बच्चे खूब पढ़ें, खूब बढ़ें एवं अपने माता पिता के साथ साथ विद्यालय एवं गुरुजनों का नाम रोशन करें तथा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें। कुछ ऐसा ही सपना बाबूजी एवं स्कूल के संस्थापक स्व. राम नरायन मेहरोत्रा ने देखा था। सभी बच्चों एवं उनके सुधी अभिभावकों तथा स्कूल की टीम को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन हेतु हार्दिक बधाई। यह परीक्षाफल आप सभी के समर्पण, त्याग एवं लगन का सुखद परिणाम है। सभी बच्चे स्वर्णिम भविष्य का सपना बुनने में सफल हों तथा अपने माता पिता की उम्मीद पर खरे उतरें। विद्यालय परिवार को आपकी उपलब्धि पर गर्व है।

संजीव मेहरोत्रा (डॉयरेक्टर)
द सेक्रेड हार्ट एकेडमी पुवायां-शाहजहांपुर

### परिश्रम सदैव ताला है सुखद परिणाम



परिश्रम सदैव सुखद एवं अनुकूल परिणाम लाता है। कोई भी कार्य यदि लगन एवं उत्साह से किया जाए तो उसमें सफलता मिलनी अवश्याम्भी है। ऐसी ही सफलता की गाथा लिखी है विद्यालय के बच्चों ने। सभी मेधावियों एवं अभिभावकों को मैं इस उपलब्धि पर बधाई देती हूं एवं कामना करती हूं कि आप उन सभी ऊंचाइयों को स्पर्श करें जिनकी आपने कल्पना की है।

संध्या रानी अवस्थी
(प्रधानाचार्या)
द सेक्रेड हार्ट एकेडमी पुवायां-शाहजहांपुर

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## एक नजर

### एक माह बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** एक माह पूर्व मैरिज हॉल से चोरी हुई बाइक का मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि उदना के धर्मेंद्र कुमार की बाइक एक माह पूर्व मैरिज हॉल से चोरी हो गई थी तलाश करने पर नहीं मिली तो बाइक स्वामी ने मुकदमा दर्ज कराया।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर केस दर्ज

**पुवायां।** नाहिल गांव की रूपा देवी ने गांव के ही सर्वेश कुमार, राम सिंह, नितिन, नैमिष के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में कोर्ट के आदेश के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### गाय को तेजाब से जलाने की शिकायत

**पुवायां।** विभू शर्मा उर्फ विभोर ने एक्स पर लिखा कि गांव कुंवरपुर में एक गाय को किसी ने तेज़ाब डाल कर जला दिया। एक्स पर पोस्ट देखते ही प्रशासन एक्टिव हो गया। पुलिस ने गाय का इलाज कराया।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** खुटार थाने के उप निरीक्षक मनोज कुमार को मंगलवार की रात 11 बजे सूचना मिली कि बनकटा मोड़ पर एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने जामा तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त सुनील उर्फ चेतराम निवासी बबक्करपुर थाना मोहम्मदी जिला खीरी है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# शाहजहांपुर से बीसलपुर तक आसान होगा सफर

## सतवां से बीसलपुर तक बनेगा 47 किमी फोरलेन, निगोही रोड पर खत्म होगी जाम की समस्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- जमीन का अधिग्रहण शुरू आचार संहिता खत्म होने के बाद मिलेगी गति

**अमृत विचार :** सतवां से बीसलपुर तक फोरलेन बनेगा। फोरलेन निर्माण की मंजूरी आचार संहिता से पहले मिल चुकी है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। आचार संहिता खत्म होने के बाद निर्माण को गति मिलेगी। इसके तहत सतवां गांव के पास ओवरब्रिज और खनंका के पास पुल का निर्माण भी कराया जाएगा। फोरलेन बनने से निगोही रोड पर जाम की समस्या खत्म होगी। साथ ही शाहजहांपुर से बीसलपुर तक सफर आसान होगा।

शाहजहांपुर से बीसलपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग 371 के टू लेन होने से यहां जाम की समस्या रहती है। कई बार लोगों को घंटों तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। यह जाम की समस्या फोरलेन बनने के बाद दूर हो जाएगी। इसके चौड़ीकरण की स्वीकृति आचार संहिता से पहले मिल चुकी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार सतवां से बीसलपुर तक बनने वाले फोरलेन हाईवे की लंबाई 46.900 किमी है। इसमें शाहजहांपुर क्षेत्र के 31 गांव आ रहे हैं। साथ ही इसके लिए 139 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। बीसलपुर तहसील में 13 गांवों में 63 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है। 1139 गाटा शाहजहांपुर क्षेत्र में आ रहे हैं, वहीं 550 गाटा बीसलपुर तहसील क्षेत्र में आ रहा है। प्रशासन के मुताबिक गाटा संख्या से तीन गुना तक किसानों की संख्या हो सकती है। ऐसे में लगभग 4800 किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा सकती है।

### आबादी वाले क्षेत्रों में निकाले जाएंगे बाईपास

मैनपुरी के बेवर से होकर पीलीभीत वाया खुदागंज होते हुए 730-सी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण चल रहा है। नेशनल हाईवे 371 के बीसलपुर में इस राजमार्ग से जुड़ जाएगा। इसके बाद यह पीलीभीत तक जाएगा। शाहजहांपुर से पीलीभीत तक जाने में समय कम लगेगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में तोड़फोड़ से बचने के लिए आबादी वाले क्षेत्रों में बाईपास निकाले जाएंगे। इससे आबादी वाले इलाके में सड़क चौड़ी करने के दौरान भवनों को तोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बाईपास आबादी से दूर निकाले जाएंगे। इनमें सबसे बड़ा बाईपास निगोही क्षेत्र में निकाला जाएगा। कस्बे से पहले ही बाईपास को दूसरे स्थान से निकाला जाएगा।

### सतवां में ओवरब्रिज, खनंका में बनेगा पुल

फोरलेन निर्माण के दौरान सतवां गांव के पास से बाईपास निकाला जाएगा। यहां पर ओवरब्रिज भी बनाया जाएगा। टिकरी रेलवे क्रॉसिंग के पास बाईपास बनाते हुए ओवरब्रिज का निर्माण होगा। खनंका के पास पुल का निर्माण, निगोही कस्बे में बाईपास का निर्माण, निगोही में कैमुआ नाले पर पुल का निर्माण कराया जाएगा। इससे अधिकतर स्थानों पर जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।

> राष्ट्रीय राजमार्ग 371- के लिए जमीन का अधिग्रहण चल रहा है। कुछ किसानों को जमीन का मुआवजा दिया जा चुका है और कुछ को दिया जा रहा है। यह प्रक्रिया आचार संहिता लगने से पहले ही शुरू हो चुकी है।
> -**प्रवेंद्र कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी

# कुकर्म के मामले में पीलीभीत के तीन युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रोजा

- ट्विटर पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई
- बच्चे के परिजनों ने नहीं दी तहरीर एसआई ने दर्ज कराया मामला

**अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र में सात मई को एक आठ वर्षीय बालक से कुकर्म किए जाने का वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने पीलीभीत के तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वायरल वीडियो की पुलिस ने जांच-पड़ताल की और बालक के परिवार वालों से तहरीर मांगी लेकिन परिवार वालों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। इसके बाद एसआई की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

थाना रोजा के उप निरीक्षक जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सात मई को क्षेत्र के गांव में शादी समारोह के दौरान एक आठ साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने की खबर ट्विटर पर वायरल हुई थी। खबर की सत्यता की जांच पड़ताल शुरू की गई तो घटना में शनि पुत्र सर्वेश, निहाल पुत्र महताब व सुमित पुत्र छेदालाल निवासी दुबे वाल्मीकि बस्ती गोदाम, बीसलपुर पीलीभीत का नाम प्रकाश में आया था। बाद में पुलिस ने पीड़ित बच्चे के परिजनों से घटना की जानकारी ली तो बच्चे के परिजनों ने बताया कि उनका समझौता हो गया है। परिजनों का कहना है कि यदि उनके बच्चे के साथ कोई घिनौनी हरकत होती तो वे रिपोर्ट जरूर दर्ज करवाते। कुकर्म के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआई जुगुल किशोर की ओर से शनि, निहाल व सुमित के खिलाफ कुकर्म करने के आरोप में धारा 377, सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की धारा 9 एम व 10 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि ट्विटर पर जारी खबर को संज्ञान लेते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा सहित पांच घायल, हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर

संवाददाता, रोजा


घायल अध्यापक अंकित।


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व सड़क पर घायल और क्षतिग्रस्त बाइकें। • अमृत विचार

- नेशनल हाईवे पर अटसलिया ओवरब्रिज के पास हुआ हादसा
- घायलों में पीजी कॉलेज का अध्यापक शामिल

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह अटसलिया ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार मां बेटे सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां महिला व उसके भतीजे की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है।

बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे जनपद हरदोई के थाना साडी के गांव बहादुरनगर निवासी रामा सिंह पत्नी सुरेश सिंह अपने पुत्र सोनू सिंह व भतीजे रानू सिंह के साथ घर से एक बाइक से थाना क्षेत्र के गांव इटौरिया रिश्तेदारी में आ रही थी। तभी सीतापुर की ओर से बाइक से आ रहे जनपद के थाना कलान मिर्जापुर के श्री धर्मजीत पीजी कॉलेज के अध्यापक अंकित व उनके दोस्त ज्ञानेंद्र प्रताप वर्मा की बाइक से आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सोनू सिंह को मामूली चोटों आई जबकि रानू सिंह, रामा सिंह, अंकित व ज्ञानेंद्र प्रताप वर्मा गंभीर रूप में घायल हो गए। हाईवे पर हादसे की सूचना मिलते ही रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंच गए और गंभीर रूप से घायल लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने रानू व रामा की गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# ससुराल गए युवक का खीरी के जंगल में मिला शव

संवाददाता, खुटार


गुमसुम बैठे मृतक वीरेंद्र के परिजन। • अमृत विचार

- पीलीभीत में रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन में शामिल होने गया था वीरेंद्र


मृतक वीरेंद्र।

**अमृत विचार :** पीलीभीत के रहने वाले रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन पर शामिल होने गए खुटार के गांव रसवां कलां निवासी वीरेंद्र कुमार का लखीमपुर खीरी के कस्बा भीरा जंगल में शव पड़ा मिला और बाइक खड़ी मिली। पुलिस की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव घर पहुंचा। मृतक के पिता ने बेटे के रिश्तेदार और साथियों पर हत्या का आरोप लगाकर खुटार थाने में तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने घटनास्थल खीरी का बताकर पल्ला झाड़ लिया।

क्षेत्र के गांव रसवां कलां में रहने वाले साधुराम का बेटा वीरेंद्र कुमार(26) 12 मई को जनपद पीलीभीत के थाना गजरौला के एक गांव में रहने वाले रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी फूलकांति के साथ गया था। जन्मदिवस समारोह के दौरान वीरेंद्र कुमार का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर रिश्तेदार ने वीरेंद्र की पिटाई कर दी थी। इसके बाद 13 मई को वीरेंद्र अपने घर लौट आया था। साधुराम का आरोप है कि बेटे के घर आने के थोड़ी देर बाद ही उसके रिश्तेदार व कुछ अन्य रिश्तेदार उसके घर आ धमके थे और उन्होंने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

आरोप है कि रिश्तेदार के घर आकर धमकाने और जान से मारने की धमकी देने के बाद उनका बेटा वीरेंद्र अपनी ससुराल लखीमपुर खीरी के थाना भीरा के गांव जगदेवपुर जाने की बात कहकर बाइक से चला गया था। साधुराम ने बताया कि 14 मई को उन्हें भीरा थाने की बरगद चौकी से पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि उनके बेटे वीरेंद्र कुमार का शव जंगल में पड़ा है और वहीं पर उसकी बाइक भी खड़ी है।

सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जनपद लखीमपुर खीरी भिजवा दिया था। साधुराम का आरोप है कि वीरेंद्र के रिश्तेदार ने अपने रिश्तेदारों और अन्य साथियों की मदद से वीरेंद्र की हत्या कर शव को जंगल में ले जाकर फेंक दिया है। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को वीरेंद्र कुमार का शव खुटार घर पहुंचा। लेकिन कार्रवाई कराने को लेकर अंतिम संस्कार नहीं किया। देर शाम परिजन खुटार थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने घटनास्थल खीरी के कस्बा भीरा होने की बात कहकर तहरीर लेने से मना कर दिया है। देर शाम तक मृतक के परिजन खुटार पुलिस से कार्रवाई कराने की बात पर अड़े रहे।

> मृतक के परिजन खुटार थाने तहरीर लेकर पहुंचे थे। मामला भीरा खीरी का है। भीरा खीरी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट पर भीरा खीरी पुलिस ही मामले में जांच कर कार्रवाई करेगी।
> -**प्रमोद कुमार**, कार्यवाहक थानाध्यक्ष खुटार

# पत्नी की हत्या में पति का चालान, जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पुलिस हिरासत में आरोपी गंगाधर।

- नदी में डुबोकर गंगाधर ने मार डाली थी सरिता,

**अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन में पत्नी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति का चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रपड़िया निवासी सरिता ने बताया कि उसके पिता गंगाधर कश्यप 12 मई को रात में उसकी मां सुनीता देवी व दो साल के भाई कैलाश को साथ में लेकर सुबह सात बजे निकले थे। घर से निकलते समय कहा कि भट्टे पर हिसाब करने जा रहे है। शाम सात बजे उसके पिता गंगाधर साथ में कैलाश को लेकर आए। लेकिन उसकी मां सुनीता देवी नहीं आई थी। उसने पिता से पूछा कि मां कहां गई तो पिता ने कहा कि वह इस दुनिया में नहीं और नहीं आएगी। सरिता प्रधान के घर पहुंची और प्रधान को जानकारी दी। प्रधान ने गंगाधर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति से पूछताछ की तो कहा कि गंगा नदी में डूबोकर मार डाला है। पुलिस ने आरोपी पति की निशानदेही से रामगंगा नदी से सुनीता का शव बरामद कर लिया था। पुलिस बेटी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। एसओ राजेंद्र कुमार ने आरोपी पति का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुभाष चंद्र, सिपाही देवेंद्र थे।

# रास्ते पर कब्जे की शिकायत पर पुलिस ने रुकवाई नींव खोदाई

संवाददाता, खुदागंज


जेसीबी से खोदी जा रही नींव, जिसे पुलिस ने रुकवा दिया। • अमृत विचार


बेहोश महिला।

- नसबंदी केस के बदले महिला को मिला था आवासीय पट्टा
- थाने में बातचीत के दौरान बेहोश होकर जमीन पर गिरी

**अमृत विचार :** पुलिस ने कुछ लोगों की शिकायत पर अपने आवासीय पट्टे पर मकान बनाने के लिए जेसीबी से नींव खोदवा रही महिला का काम रुकवा दिया। लोगों का कहना था कि रास्ते की जमीन पर भी नींव खोदवाने की कोशिश की जा रही है। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस से बातचीत के दौरान महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवा दिया। जहां उसकी हालत में सुधार है। महिला ने पुलिस पर धमकाने का आरोप लगाया है।

खुदागंज के मोहल्ला सदर निवासी दलित महिला प्रेमा देवी अपना मकान बनाने के लिए बुधवार को जेसीबी से नींव खोदवा रही थी, इसी दौरान पुलिस पहुंच गई और काम बंद कर दिया और महिला को थाने बुलाया। थाने पहुंचने पर बातचीत के दौरान महिला बेहोश हो गई। जिससे पुलिस भी सकते में आ गई और आनन-फानन में एंबुलेंस बुलवाकर महिला को अस्पताल भेज दिया गया। जहां हालत में सुधार होने पर प्रेमा देवी ने बताया कि उसे वर्ष 1986 में नसबंदी केस के बदले एक आवासीय पट्टा दिया गया था। जिस पर क्षेत्र के कुछ भूमाफियाओं की नजर थी। प्रेमादेवी ने बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा चुकी है। गत दिवस पुलिस सीओ से मिलकर उसने न्याय की गुहार लगाई थी। जिनके आश्वासन के बाद बुधवार को उसने जेसीबी से नींव खोदवानी शुरू की। जिसे पुलिस ने रुकवा दिया। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार मकान बनवाने का प्रयास किया लेकिन हर बार पुलिस ने रुकने की बात कह देती है। पीड़िता ने बताया कि वह मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगी।

> जिस जगह पर महिला नींव खोदवा रही है, वहां कुछ लोगों का कहना है कि रास्ते की जमीन पर भी कब्जे की कोशिश हो रही है, इसलिए काम रुकवा दिया गया। महिला से कहा गया है कि लेखपाल से पैमाइश के बाद काम शुरू किया जा सकता है। अभी मामले की जांच चल रही है। पैमाइश के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।
> -**सत्यप्रकाश सिंह**, थानाध्यक्ष

# गहराया युवती की हत्या का राज चार दिन बाद भी खुलासा नहीं

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

- परिजनों ने दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट, आरोपियों से पूछताछ जारी
- पुलिस को युवती के करीबों पर भी शक
- युवती के घर भी पहुंचे एएसपी सिटी और सीओ सदर

**अमृत विचार :** जिंदपुरा गांव में की गई युवती की हत्या का राज गहरा गया है। परिजनों ने जिन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। साथ ही पुलिस को युवती के कुछ करीबियों पर भी शक है। बुधवार को अधिकारियों ने दोबारा घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाने का प्रयास किया। पुलिस युवती के गरीबों से भी पूछताछ कर रही है।

गांव जिंदपुरा में यूकेलिप्टस के जंगल से पुलिस ने सड़ी-गली अवस्था में अर्धनग्न युवती का शव बरामद किया था। वह सात मई की रात से लापता चल रही थी और पुलिस ने अगले दिन आठ मई को पिता की तहरीर पर युवती की गुमशुदगी दर्ज की थी। इसके बाद नौ मई को पिता ने जिंदपुरा के कुछ लोगों पर बेटी का अपहरण कर गायब कर दिए जाने की तहरीर दी थी। दो दिन बाद 11 मई को लापता युवती का शव जिंदपुरा से एक किलोमीटर दूर यूकेलिप्टस के जंगल में शव पड़ा मिला। एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर अमित चौरसिया भी घटनास्थल पर पहुंचे और युवती के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी की और शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पुलिस ने पिता की तहरीर पर जिंदपुरा गांव निवासी सेठपाल, अर्जुन उर्फ दीनदयाल, प्रेमचंद्र, सुमित पुत्रगण कुंदनलाल, कुंदनलाल पुत्र मूला जाटव, मुकेश, बालकराम पुत्रगण रामभरोसे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने उसी दिन आरोपियों में से कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया था। 13 मई को जिले में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया निपटने के बाद पुलिस ने युवती हत्याकांड के खुलासे को लेकर सक्रियता बढ़ा दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि युवती की हत्या गला दबाकर की गई थी और शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे।

इसके बाद से पुलिस गंभीर हो गई और शक की सुई युवती के करीबियों की ओर घूम गई है। पुलिस ने आरोपियों में से कुछ व युवती के करीबियों में से कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। एएसपी सिटी संजय कुमार और सीओ सदर अमित चौरसिया ने बुधवार को अपराह्न चार बजे घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण किया। इसके बाद युवती के घर भी पहुंचे, जहां घटना से जुड़े मामले की गहराई से पड़ताल की।

> घटना से जुड़े हर बिंदु पर गहराई से पड़ताल की जा रही है, कुछ तथ्य हाथ लगे है, जिनके आधार पर जांच चल रही है। खुलासे के करीब पहुंच रहे हैं। जल्द से जल्द घटना का वर्कआउट कर दिया जाएगा।
> -**अशोक कुमार सिंह**, थानाध्यक्ष

# पुलिस बनकर बदमाशों ने स्टांप विक्रेता से 78 हजार लूटे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सीसीटीवी में दिख रहे संदिग्ध बदमाश। • अमृत विचार

- चेकिंग के नाम स्कूटी रोककर दिया वारदात को अंजाम
- बदमाश बाइक पर थे, नंबर प्लेट नहीं, फुटेज में दिखे बदमाश

**अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र में दो बदमाशों ने खुद को पुलिस बताकर स्टांप विक्रेता की बाइक रोक ली। दोनों बदमाश बैग की तलाशी लेने लगे और उसमें से 78 हजार रुपये निकालकर कन्नौजिया तिराहे की तरफ भाग गए। पीड़ित स्टांप विक्रेता ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने आस-पास दुकानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। दोनों बदमाश कैमरे दिखायी दे रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई निवासी रामआसरे सिंह ने बताया कि कचहरी परिसर में स्टांप विक्रेता है। उन्होंने रोजाना की तरह बैग में स्टांप, मोहर, एक लाख छह हजार रुपये आदि सामान रख लिया। वह सुबह दस बजे बैंक में एक लाख रुपये जमा करने के लिए स्कूटी से जा रहे थे। उन्होंने स्कूटी के हैंडिल के पास बैग रख लिया। पीछे से बाइक पर आ रहे दो बदमाशों ने खन्ना पैथोलॉजी के सामने उनकी स्कूटी रोक ली और कहा कि वह पुलिस हैं। दोनों बदमाशों ने उनसे कहा कि बैग की तलाशी लेनी है क्योंकि बैग में संदिग्ध वस्तु है। उन्होंने बैग खोला और 78 हजार रुपये की गड्डी निकालकर जेब में रख ली। बदमाश बाइक से कनौजिया तिराहे की तरफ भाग गए। बदमाशों की बाइक में नंबर प्लेट नहीं लगी थी। स्टांप विक्रेता ने घर जाकर परिवार वालों को जानकारी दी। वह दोपहर बाद परिवार वालों के साथ चौक कोतवाली गए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को बताया कि वह बैंक में रुपये जमा करने जा रहे थे। दो बदमाशों ने अपने आप को पुलिस कर्मचारी बताकर स्कूटी रोक ली और बैग में से 78 हजार रुपये निकालकर जेब में रखकर बाइक से भाग गए। उन्होंने कहा कि सामने आने पर वह बदमाशों को पहचान लेंगे। बदमाश 500 रुपये के 156 नोट कुल 78 हजार ले गए है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर मौके पर गए और आस-पास के लोगों से जानकारी की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और फुटेज को ले लिया। बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट और पीछे बैठे बदमाश कैप लगाए था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश कर रही है।

> स्टाम्प विक्रेता से दो बदमाशों ने खुद को पुलिस कर्मचारी बताकर 78 हजार रुपये की ठगी की है। सीसीटीवी कैमरे में दोनों बदमाश आ गए हैं। बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम का गठन किया गया है।
> -**सौम्या पांडेय**, सीओ सिटी

# भैंस की तलाश में नदी पार जा रहे ग्रामीण की डूबकर मौत

**जलालाबाद।** तिकोला दुलरामई के एक ग्रामीण की भैंस खो गई थी। वह बहगुल नदी पार कर भैंस तलाश करने जा रहा था। अचानक नदी में डूब गया। गोताखोरों ने उसका शव निकाला। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव अलवरपुर निवासी प्रेमपाल(45) पिछले 12 साल से अपने बहनोई राजीव के गांव तिकोला दुलरामई थाना जलालाबाद में रह रहा था। जहां उसने दो भैंस पाल रखी थी। मंगलवार की सुबह नौ बजे वह दोनों भैंस चराने के लिए खेत पर आया था। वह कहीं चला गया था। अचानक दोनों गायब हो गई। दोपहर तीन बजे उसकी एक भैंस मिल गयी। लेकिन एक नहीं मिली। वह शाम पांच बजे बहगुल नदी पार कर भैंस की तलाश करने जा रहा था। अचानक प्रेमपाल नदी में डूब गया। खबर मिलने पर उसके बहनोई राजीव आदि पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और गोताखोरों को बुलाया। चार गोताखोरों ने एक घंटे बाद शव को निकाल लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### घायल व्यक्ति की लखनऊ में मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी :** थाना क्षेत्र के गांव बादशाह नगर निवासी अभिनव(23) जल निगम में ठेकेदार था। वह नौ मई की रात नौ बजे शहर से बाइक द्वारा गांव लौट रहा था। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव गुवारी गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां से डॉक्टर ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिवार में रोना पीटना मच गया।

### चोरी की योजना बनाते तीन युवक तमंचे समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मिर्जापुर पुलिस को सुबह तीन बजे सूचना मिली कि जरियनपुर मार्ग पर कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन चोरों को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर भिखारी, महेंद्र, सिकन्दर निवासी ममापुर थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद है। पुलिस ने तीन तमंचे तथा कारतूस बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्तों पर पहले से मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में एसएसआई नरगेश कुमार, उप निरीक्षक मोहित कुमार, विवेक कुमार थे।

# दावा स्वच्छता का...सड़कों पर नजर आ रहे कूड़े के ढेर, नालों में गंदगी

## गंदगी में पनप रहे मच्छर, लोगों को सता रही बीमारियों की आशंका


रोटी गोदाम स्कूल के पास लगे हैंडपंप के सामने पड़ा कूड़ा।


चूड़ी वाली गली में कूड़े का ढेर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बहादुरगंज मंडी सड़क किनारे नाले की वर्षों से नहीं हुई सफाई
- रोटी गोदाम स्कूल के पास हैंडपंप पर पानी पीने से पहले झेलते हैं दुर्गंध

**अमृत विचार :** शहर को स्वच्छ रखने का दावा किया जा रहा है और इसके लिए सुबह मॉनिटरिंग भी हो रही है, इसके बावजूद मुख्य सड़क से लेकर गली-कूचों तक कूड़े के ढेर मिल जाएंगे, जिनमें पनप रहे मच्छरों की वजह से लोगों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। वहीं नालों में भी गंदगी भरी पड़ी है।

निशात टॉकीज से बहादुरगंज मंडी जाने वाली सड़क किनारे सांई मंदिर से पहले नाले के पास अक्सर कूड़े का ढेर लगा रहता है। नाले की भी वर्षों से सफाई नहीं हुई है, क्योंकि इसमें पन्नी भरी हुई है, जिस कारण नाले के पानी का बहाव धीमी गति से हो रहा है। गंदगी का आलम रोटी गोदाम स्कूल के पास भी नजर आ जाएगा। जहां हैंडपंप लगा है, उसके पास कूड़े का ढेर लगा हुआ है। भीषण गर्मी में हैंडपंप पर प्यास बुझाने से पहले उसे कूड़े की दुर्गंध झेलनी पड़ती है। जबकि इस स्थान को साफ-सुथरा रखना चाहिए लेकिन लोग इस स्थान पर गंदगी जरूर डालेंगे और सफाई कर्मचारी जब मन आया, कूड़ा उठा ले गए, नहीं तो पड़ा है। चूड़ी वाली गली में भी कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। खिरनी बाग मोहल्ले में बिस्मिल पार्क के पास भी कूड़े का ढेर मिल जाएगा। वहीं चार खंभा बक्सरियां मोहल्ले में भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि तीन दिन हो गए, यहां कूड़ा उठाने के लिए कोई नहीं आया। इस कारण दुर्गंध उठ रही है। सड़क से गुजरने वाले लोग तो निकलते हुए चले जाते हैं लेकिन आसपास मकानों में रहने वाले लोगों को गंदगी से उठ रही दुर्गंध झेलनी पड़ती है। इसी तरह शहर के अन्य गलियों में भी कूड़े के ढेर लगे नजर आ रहे हैं।

### जागरुकता अभियान भी हो गया धड़ाम

शहर को साफ सुधरा रखने के लिए प्रशासन से लेकर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कई बार अभियान चलाया गया और लोगों को साफ-सफाई के महत्व को समझाते हुए कूड़ा सड़क पर नहीं फेंके जाने की अपील भी की गई लेकिन जागरूकता और अपील का असर कुछ भी नहीं हुआ। जिसका जहां और जब मन चाहा कूड़ा सड़क किनारे फेंक दिया गया।

> नगर में साफ-सफाई को लेकर नगर निगम सतर्क है। समय-समय पर सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करते हुए सफाई के संबंध में संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए जाते हैं, फिर भी यदि कोई लापरवाही है, तो उसे दिखवाया जाएगा। कूड़े के ढेर हटवाए जाएंगे। इसमें नागरिकों को भी सहयोग करने की आवश्यकता है।
>
> -डॉ. विपिन कुमार मिश्रा
> नगर आयुक्त

## नशीली दवा मिलने पर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित

